रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/99

REGISTERED NO. DL-33001/99



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 41] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 9, 1999 (आश्विन 17, 1921)
No. 41] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 9, 1999 (ASVINA 17, 1921)



इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनायें	815
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	797
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनायें	5
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनायें ..	1361
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनायें	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सांविधिक नियम और आदेश ..	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें	927
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनायें और नोटिस	947
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनायें जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	3641
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किये गये विज्ञापन और नोटिस	639
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी शब्दों के जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक —	*

*जोड़े प्राप्त नहीं हुए ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—Section 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	815
PART I—Section 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	797
PART I—Section 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	5
PART I—Section 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1361
PART II—Section 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—Section 1A—Authoritative texts in Hindi Languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—Section 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—Section 3—Sub-section (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—Section 3—Sub Sec. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 of Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—Section 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—Section 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	927
PART III—Section 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	947
PART III—Section 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—Section 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3641
PART IV—Advertisements and Notices issued by private Individuals and private Bodies	639
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 सितम्बर, 1999

सं० 102-प्रेज/99.—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अशोक कुमार, (दिवंगत)
कांस्टेबल,
नई दिल्ली

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया :

2/3 जनवरी, 1999 के बीच की रात को लगभग 9.30 बजे करोल बाग में प्रहलाद मार्किट में गश्त लगाते समय, कांस्टेबल अशोक कुमार ने तीन व्यक्तियों द्वारा एक आटोरिक्शा चालक को लूटते हुए देखा। अपने दो अस्त्र साथियों को सावधान करते हुए, वह उन पर झपट पड़े और उनमें से दो डाकुओं बाबू उर्फ सुमित और सुनील उर्फ सोनू को अपने साथियों की सहायता से पकड़ लिया। तथापि, तीसरा बचकर भागने में सफल रहा और एक स्कूल की ओर दौड़ा। वह आठ फुट ऊंची दीवार को फांद कर दूसरी ओर सड़क पर कूद पड़ा। कांस्टेबल अशोक कुमार, जो कि उसका पीछा कर रहे थे, ने उसका पीछा करना जारी रखा और उन्हें रीढ़ की हड्डी में गम्भीर चोटें आई। चोटों की पीड़ा के बावजूद, कांस्टेबल अशोक कुमार ने उस डाकू को तब तक जकड़े रखा जब तक कि उनके साथी उनकी सहायता के लिये नहीं पहुंच गये। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा के दौरान 31-1-99 को कांस्टेबल अशोक कुमार ने चोटों के कारण दम तोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री अशोक कुमार कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 जनवरी 1999 से दिया जायेगा।

अजय मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 103-प्रेज 99.—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं —

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जगदीश प्रसाद,
कांस्टेबल (अब हैड कांस्टेबल)
दिल्ली पुलिस

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

15 नवम्बर, 1998 को चार डाकुओं ने पारस मिल्क प्रोडक्टस, रणजीत नगर से मार्गरक्षी स्टाफ को बन्दूकों से घायल करके 19 लाख रुपये लूट लिये और एक वाहन में बचकर भाग निकले। घटना का शोरगुल सुनकर, कांस्टेबल जगदीश प्रसाद ने एक स्कूटर पर डाकुओं के वाहन का पीछा किया और उन्हें डी० टी० सी० कालोनी की ओर मुड़ने के लिये बाध्य किया। अनुरोध करने पर डी० टी० सी० के एक ड्राईवर ने सड़क के प्रवेश मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। डाकुओं को मजबूरी में वाहन को छोड़कर पैदल भागना पड़ा। क्रिकेट खेल रहे लड़कों का एक दल भी उनका पीछा करने में कांस्टेबल प्रसाद के साथ हो लिया। उन्हें दूर रखने के लिये, डाकुओं ने उन पर गोली चलाई जिससे उनमें से एक आहत हो गया। तत्पश्चात् उन्होंने टाटा सूमो छीन ली। कांस्टेबल प्रसाद ने दृढ़ निश्चय के साथ उनका पीछा करना जारी रखा। रणजीत नगर में कांस्टेबल प्रसाद का शोर सुनकर वहां के निवासियों ने उक्त टाटा सूमो पर पत्थर फैंके। डाकू इसे छोड़कर भाग लिये। समीप पहुंचने पर कांस्टेबल प्रसाद ने अशोक कुमार नामक एक डाकू को पकड़ लिया। दूसरा उस मुठभेड़ में मारा गया और अन्य दो बचकर भाग निकले। 13,69,415 रुपये बरामद किये गये।

इस मुठभेड़ में श्री जगदीश प्रसाद कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस, एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 नवम्बर, 1998 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 104–प्रेज 99.—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और रैंक

श्री दीना नाथ यादव,
कांस्टेबल,
गोरखपुर

श्री ए० के० राय,
कांस्टेबल,
गोरखपुर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

22 फरवरी, 1998 को कुसुमही बाजार में बैंक सुरक्षा ड्यूटी के दौरान सर्वश्री दीना नाथ यादव और अश्वनी कुमार राय, कांस्टेबल ने पड़ौस में बम विस्फोट और गोलियों की आवाज सुनी। वे तुरन्त घटनास्थल की तरफ भागे और वहां पहुंचने पर उन्होंने पाया कि लोक सभा चुनाव के लिये अपने साथियों के साथ चुनाव प्रचार कर रहे एक राजनैतिक कार्यकर्त्ता पर चार व्यक्ति हमला कर रहे हैं। पुलिस कार्मिकों ने अपराधियों को ललकारा। अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी की और उन पर बम फैंके। अपराधियों की गोलीबारी से एक राजनैतिक कार्यकर्त्ता और दो अन्य व्यक्ति जख्मी हो गए। दोनों पुलिस कार्मिकों ने अपराधियों को उलझाये रखा और दो अपराधियों को मार गिराया और अन्य भागने में कामयाब हो गये। तलाशी लेने पर मुठभेड़ के स्थान से दो कट्टे, .12 बोर कारतूस और इस्तेमाल किए हुए बमों के अवशेषों सहित एक हीरो होन्डा मोटर साइकिल बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री डी० एन० यादव और ए० के० राय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 फरवरी, 1998 से दिया जायेगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 105 प्रेज/99.—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं —

अधिकारियों का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री बी० मालाकर,
हवलदार,

श्री आर० चौधरी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

15/16 अप्रैल, की रात को हवलदार मालाकर और कांस्टेबल चौधरी को अन्य दो कांस्टेबलों के साथ इन्टर सिटी एक्सप्रैस जो 2.16 पूर्वाह्न को बरौनी जंक्शन से चली, में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया गया था। यह गाड़ी 3.15 बजे पूर्वाह्न को रैड सिगनल होने पर रामपुर–डुमरा आउटर सिगनल पर रुकी। श्री मालाकर और कांस्टेबल चौधरी तुरन्त नीचे उतरे और गाड़ी के इंजन की तरफ बढ़े। टार्च की रोशनी में उन्होंने देखा कि गाड़ी के वेक्यूम को काट दिया गया है। ड्राइवर के साथ बातचीत करने के बाद वे और आगे बढ़े और देखा कि रेलगाड़ी की पूर्वी दिशा से पत्थर फैंके जा रहे हैं। श्री मालाकर, कांस्टेबल चौधरी और ड्राइवर ने पुनः पाया कि रेलगाड़ी का दूसरा वेक्यूम भी कार्य नहीं कर रहा है। कुछ गड़बड़ी का सन्देह होने पर उन्होंने रेलगाड़ी की दूसरी तरफ जाने का निर्णय लिया। जब श्री मालाकर रेलगाड़ी के दूसरी तरफ से नीचे उत्तर रहे थे तो उनकी दाहिनी जांघ पर अचानक गोली लगी जिससे वे गम्भीर रुप से जख्मी हो गए। श्री चौधरी ने स्थिति की गम्भीरता को भांपते हुए तुरन्त जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने श्री मालाकर की स्टेनगन ली और उनको रेलगाड़ी के डिब्बे के अन्दर ले आए। इस समय, अपराधियों ने श्री चौधरी पर निशाना साधा, लेकिन इन्होंने तुरन्त गोलियों का जवाब दिया और अन्ततः अपराधियों को भागने के लिये मजबूर कर दिया। इस प्रकार से इन्होंने यात्रियों के जान-माल की रक्षा की। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने एक अपराधी अजीज महतो को गिरफ्तार किया और उसके निवास से कुछ सिगनल तारें बरामद की।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री (दिवंगत) मालाकर, हवलदार और आर० चौधरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 अप्रैल, 1997 से दिया जायेगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 106-प्रेज/99—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद कस्मुद्दीन अन्सारी,
कांस्टेबल,
बिहार।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

3-10-96 को देवकुण्ड थाने से मिली इस गुप्त वायरलैस सूचना कि गांव धरना में अति आधुनिक शस्त्रों से लैस कुछ आंतकवादी समाज विरोधी गतिविधियां चलाने के उद्देश्य से एकत्र हो रहे हैं, पर कार्रवाई करते हुए, नगेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में एक पुलिस दल गांव धरना पहुंचा। इस दल को आगे तीन पार्टियों में बांट दिया गया? सभी पार्टियों ने उग्रवादियों पर चारों ओर से हमला किया। उग्रवादियों ने भी पुलिस दल पर गोलियां चलाई। पुलिस दल ने पूरे गांव को घेर लिया था तथा आंतकवादियों से उनके समक्ष समर्पण करने की घोषणा की गई थी। परन्तु इस घोषणा का जवाब लगातार गोली बारी करके दिया गया। गोली बारी में कांस्टेबल अन्सारी की बाई टांग में भारी घाव हो गये। पुलिस दल और ग्रामीणों को उत्पन्न खतरे को भांपते हुए, पुलिस दल ने आत्मसुरक्षा में गोली बारी करने की दृष्टि से मोर्चा संभाल लिया। घायल होने के बावजूद श्री अन्सारी ने मोर्चा संभाल लिया और उग्रवादियों पर गोलियां बरसानी शुरु कर दीं। उन्होंने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिये भी कहा। परन्तु उग्रवादियों ने पुलिस दल पर निरन्तर गोली-बारी करना जारी रखा। श्री अन्सारी की गोली बारी के कारण, एक उग्रवादी मारा गया। चूंकि पुलिस की गोली-बारी से कुछ उग्रवादी घायल हो चुके थे, अतः वे घने जंगलों इत्यादि का लाभ उठा कर घटनास्थल से भाग खड़े हुए। घटनास्थल से मैगजीन समेत .315 बोर की एक राइफल के अलावा प्रत्येक .315 बोर के 5 सक्रिय कारतूस तथा 17 राउण्ड सक्रिय कारतूस समेत कारतूस की एक पेटी तथा एक डायरी बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, मोहम्मद कस्मुद्दीन अन्सारी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03-10-96 से दिया जायेगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 107-प्रेज/99—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री एस० पी० शर्मा, पुलिस पदक
सहायक कमांडेंट,
33वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

(दिवंगत) श्री जरनैल सिंह, पुलिस पदक
कांस्टेबल,
33वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री तेजराम उके जे०, राष्ट्रपति का पुलिस पदक
कांस्टेबल,
33वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

(दिवंगत) श्री एस० नन्दी, पुलिस पदक
उप निरीक्षक, 33वी बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 14-3-99 को उप निरीक्षक सदन नन्दी, थाना प्रभारी, थाना नूतन बाजार (दक्षिण जिला, त्रिपुरा) को एन० एल० एफ० टी० के ग्रुप कमांडर सरल पाडा जमातिया के नेतृत्व में 6/7 एन० एल० एफ० टी० उग्रवादियों के एक दल की रंजन वाड़ी में हरीश रियांग नामक एक व्यक्ति के घर में मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली। उन्होंने तुरन्त एस० डी० पी० ओ० अमरपुर को इसकी सूचना दी जिन्होंने इस बारे में आगे श्री सोम प्रकाश शर्मा, कमांडिंग आफीसर, 33वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को बताकर इस गिरोह का मुकाबला करने के लिए एक प्लाटून उपलब्ध कराने के लिए कहा। श्री शर्मा ने न केवल बल उपलब्ध कराए बल्कि उन्होंने इस अभियान का नेतृत्व स्वयं करने की पेशकश भी की। वह एस० डी० पी० ओ० और सी० आई०, अमरपुर तथा थाना प्रभारी, थाना नूतन बाजार और प्लाटून सहित उस स्थान के लिए रवाना हो गए। बचकर भाग निकलने के सभी रास्तों को कवर करने के लिए उन पर दो टुकड़ियां तैनात करने के बाद उन्होंने थाना प्रभारी और एक टुकड़ी को साथ लेकर घरों की तलाशी लेनी शुरू कर दी। श्री हरीश रियांग के घर में करीब 2030 बजे प्रवेश करने से पूर्व श्री शर्मा ने श्री उके को बाहर की ओर से शयन कक्ष को जाने वाले दरवाजे को कवर करने के लिए तैनात किया और उप-निरीक्षक श्री नन्दी और कांस्टेबल श्री जरनैल सिंह के साथ घर में घुस गए। उग्रवादी

सरल पाडा जमातिया को सिविल ड्रैस में कमरे में मौजूद देखकर उसे तुरन्त पहचाना न जा सका तथा आस-पास के निर्दोष लोगों को घायल होने से बचाने के उद्देश्य से इस दल ने गोली चलाने में संयम बरता और उसे जीवित पकड़ने की कोशिश में एकदम झपट पड़े। इस हाथापाई के दौरान उग्रवादी जमातिया ने एक उच्च शक्तिशाली ग्रेनेड बाहर निकाला और पुलिस पार्टी पर फेंकने का प्रयास किया। तथापि, वह गोला उसके हाथ में ही फट गया जिससे श्री शर्मा और उप-निरीक्षक एस० नन्दी की तुरन्त वहीं मौत हो गई तथा कान्स्टेबल जरनैल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्होंने बाद में अस्पताल ले जाते समय घावों के कारण दम तोड़ दिया। इस विस्फोट में उस उग्रवादी की बाईं हथेली भी उड़ गई लेकिन घावों के बावजूद उसने कमरे से बच कर भाग निकलने का प्रयास किया। श्री तेज राम उके, कान्स्टेबल विस्फोट की आवाज और घायलों की चीख पुकार सुनकर घटनास्थल की ओर दौड़े और अपनी कारबाईन से 6 राउण्ड गोली चला कर उस उग्रवादी को मार गिराया। श्री उके द्वारा की गई गोलीबारी में दूसरे संदिग्ध उग्रवादी धीराम रियांग को समर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया। इसके तुरन्त बाद श्री उके ने करीब की केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकी को अपने वायरलैस पर इस घटना के बारे में सूचित किया। इसके बाद उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक 9 मि० मी० की कारबाईन, 3 मैगजीनें 164 राउण्ड गोला-बारूद, 10,900/- रु० (भारतीय मुद्रा) नकद, 1422 टका (बंगला देशी मुद्रा) और अभिशंसी दस्तावेज और चित्र बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री एस० पी० शर्मा, सहायक कमांडेंट, (दिवंगत) श्री जनरैल सिंह, कांस्टेबल, श्री तेजराम उके जे०, कांस्टेबल और श्री एस० नन्दी, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14-3-99 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 108-प्रेज/99—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री मनोज कुमार सैकिया,
कांस्टेबल,
गांव-सिमालुगुड़ी,
जिला-डिब्रूगढ़ (असम)।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

13-12-1998 को करीब 1500 बजे उल्फा का एक कार्यकर्ता, नामतः शुभा गोगोई उर्फ मिलन गोगोई नाका ड्यूटी के दौरान पकड़ा गया तथा उसके पास से उल्फा के एक अन्य कट्टर कार्यकर्ता को संबोधित पत्र बरामद हुआ। तुरन्त एक ऑपरेशन की योजना तैयार की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), तिनसुखिया के नेतृत्व में एक पुलिस दल जिसमें कांस्टेबल सैकिया भी शामिल थे, उक्त गांव की ओर रवाना हो गया। जिस समय यह पुलिस दल उस गांव की ओर जा रहा था तो संदिग्ध उल्फा कार्यकर्ताओं के एक दल, जोकि विपरीत दिशा से आ रहा था, ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। कांस्टेबल मनोज कुमार सैकिया, और पुलिस दल ने उग्रवादियों पर जवाबी गोलीबारी की परन्तु इस गोलीबारी में कांस्टेबल सैकिया घायल हो गए।

गोलियों से घायल होने के बावजूद श्री सैकिया उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे ताकि अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस दल की रक्षा की जा सके। श्री सैकिया ने अपने सर्विस हथियार से 9 राउण्ड गोलियां चलाईं तथा अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस दल की रक्षा करने में सफल हो गए। उग्रवादी पुलिस दल की ओर आगे नहीं बढ़ सके और उन्हें घायल हो कर उल्फा से संबंधित दस्तावेज वहां छोड़ कर भागना पड़ा। बाद में श्री सैकिया ने घावों के कारण दम तोड़ दिया।

इस प्रकार श्री सैकिया ने बल की उच्चतम परम्पराओं को बनाए रखते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री मनोज कुमार सैकिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13-12-1998 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 109-प्रेज/99—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री हरे कृष्ण नाथ,
पुलिस उप-अधीक्षक,
डिब्रूगढ़।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

4 अगस्त, 1998 को एक गुप्त सूचना कि उल्फा उग्रवादियों की एक टोली ने गाँव मारधोरा बोंगाली गांव में शरण ले रखी है, पर कार्रवाई करते हुए, श्री नाथ, पुलिस उप-अधीक्षक कुछ अन्य कार्मिकों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक प्लाटून के साथ उस गांव में गए, और उग्रवादियों को तड़के ही खदेड़ने के लिए तलाशी ली और छापा मारा। प्रातः

लगभग 5 बजे उग्रवादियों, जो एक मकान के अन्दर छिपे हुए थे, ने आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी पर गोलाबारी की, जिससे उस पार्टी का नेतृत्व कर रहे श्री नाथ के बांयें हाथ और कुल्हे पर गोली लगी। पुलिस पार्टी ने मोर्चा सम्भाला और गोलीबारी का जवाब दिया। उग्रवादियों ने रक्षात्मक मोर्चा सम्भाल लिया और पुलिस पार्टी पर गोलियां चलायीं। तब श्री नाथ तत्काल उस कमरे के अन्दर घुस गए और उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं जिससे एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया और दूसरा गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।

बाद में, मृतक उग्रवादी की शिनाख्त देहिंग शाखा परिषद् के कट्टर आतंकवादी कुमुद हजारिका उर्फ संग्रामज्योति हजारिका और दूसरे की शिनाख्त, तुलन गोगोई उर्फ जिन्तुब रुआ उल्फा उग्रवादियों की 28वीं बटालियन के स्वयंभू सैकिन्ड लेफ्टिनेंट के रूप में की गई। एक मैगजीन के साथ 9 एम० एम० पिस्तौल और 9 एम० एम० के सक्रिय गोलाबारुद के 31 राऊन्ड 96,500 रु० नगद और कुछ अभिशासी दस्तावेज बरामद हुए जिनसे उल्फा संगठन की गतिविधियों का पता लगता है।

इस मुठभेड़ में, श्री एच० के० नाथ, पुलिस उप-अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 अगस्त, 1998 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 110-प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री एच० एस० राव,
हैड-कांस्टेबल,
58 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

24 दिसम्बर, 1997 को, सीमा सुरक्षा बल की 58वीं बटालियन के कमांडेंट को, सूचना मिली कि राजौरी में गांव दीवान की तरफ सीमा सुरक्षा बल द्वारा डाले गए घेरे से कुछ उग्रवादी भाग निकलने में कामयाब हो गए हैं। उन्होंने बचकर भाग निकलने के विभिन्न रास्तों को कवर करने के लिए तुरन्त तीन पार्टियां भेजी। जिस पार्टी में एच० एस० राव, कांस्टेबल थे, उस पार्टी को उग्रवादियों के गांव में पहुंचने से पहले उन्हें अलग-थलग करना था और तदनुसार जब उनकी पार्टी सम्पर्क साधने की कोशिश कर रही थी तब उस पर बचकर भागते हुए विद्रोही ग्रुप द्वारा गोलीबारी की गई। श्री राव और दो अन्य कांस्टेबल मुख्य पार्टी से आगे चल रहे थे। विद्रोहियों ने, जो लगभग गांव पहुंच चुके थे, पुलिसमैन ग्रुप को देखते ही उन पर गोलियां चलाई। गोलीबारी की पहली ही बौछार में एक गोली श्री राव की छाती में लगी। जख्मी होने के बावजूद, श्री राव ने मोर्चा सम्भाला और अपने दो कार्मिकों को दूसरी तरफ के मोर्चे की ओर खींचा और जवाबी गोलीबारी की। श्री राव ने इच्छा शक्ति बनाए रखी और मुख्य पार्टी के घटना स्थल पर पहुंचने तक, विद्रोहियों पर गोलीबारी करते हुए उन्हें आगे बढ़ने से रोकने में सफल रहे। जब तक मुख्य पार्टी घटनास्थल पर पहुंची, तब तक एक विद्रोही, जिसकी शिनाख्त बाद में, अब्बू बाशेर, लस्कर-ए-तोईबा के एरिया कमांडेंट और अफगान राष्ट्रिक के रूप में की गई, मारा जा चुका था और शेष विद्रोही भाग चुके थे। बाद में श्री राव की जख्मों के कारण मृत्यु हो गई।

घटनास्थल से एक ए० के०-47 राईफल, एक चीन निर्मित पिस्तौल, एक हथगोला और मैगजीन और गोलाबारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री एच० एस० राव, हैड-कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 दिसम्बर 1997 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 111—प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री प्रहलाद सिंह,
हैड-कांस्टेबल
6ठी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।
श्री पी० पी० नौटियाल,
सहायक कमांडेंट
श्री ओमबीर सिंह,
कांस्टेबल,
6ठी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

20 फरवरी 1998 को गांव बनगाम में विद्रोहियों के उपस्थित होने के बारे में एक विशिष्ट सूचना मिली। घेराबन्दी पूरा करने के लिए उस गांव को दो पार्टियां भेजी गई। द्वितीय पार्टी के प्रभारी श्री पी० पी० नौटियाल ने एक छोटे ग्रुप के साथ मकान की तलाशी का काम शुरु किया। श्री

नौटियाल के ग्रुप ने सिविलियनों की मदद से एक दुमंजिले मकान के इर्द-गिर्द मोर्चा सम्भाला। सिविलियनों से दूसरी मंजिल की तलाशी लेने के लिए कहा गया जिसमें घास-फूस और चारा भरा हुआ था। एक सिविलियन अटारी पर चढ़ा तो, वहां छिपे उग्रवादियों ने गोलियां चलायीं। एक सिविलियन को गोली लगी जिसकी बाद में जख्मों के कारण मृत्यु हो गई। उसके बाद कुमुक मंगायी गयी घेरा डालने वाले दल के सदस्य श्री प्रहलाद सिंह हैड-कांस्टेबल, उस समय गोली लगने से बाल-बाल बच गए जब उग्रवादियों ने गोली-बारी शुरु की। श्री सिंह ने पहली मंजिल पर मोर्चा सम्भाला और ऊपर चढ़ने में कामयाब हो गए और अटारी के बाहर चौकी पर मोर्चा सम्भाल लिया जबकि श्री सिंह को पहली मंजिल पर मोर्चा सम्भाले हुए पुलिस पार्टी द्वारा कवरिंग फायर दिया गया था। घेरा डालने वाली मुख्य पार्टी ने मकान के इर्द-गिर्द घेरे को और मजबूत कर दिया। उग्रवादी अटारी से लगातार गोलीबारी करते रहे और पुलिस पर हथगोले भी फैंकते रहे ताकि और कोई व्यक्ति मकान के अन्दर न घुस पाए दोनों तरफ से हुई इस गोलीबारी में एक हथगोला उस चौकी के नजदीक गिरा जहां पर श्री सिंह ने मोर्चा सम्भाला हुआ था और उग्रवादियों पर गोलियां चला रहे थे। यह हथगोला फट गया, जिससे श्री सिंह जख्मी हो गए। और जख्मों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उग्रवादी लगातार गोलीबारी करते रहे और पहली मंजिल पर हथगोले फेंकते रहे जिससे पहली मंजिल पर मोर्चा सम्भाले हुए कार्मिकों को नीचे उतरना पड़ा, उग्रवादी खिड़की से कूदकर भागने में कामयाब हो गए। श्री नौटियाल, सहायक कमांडेंट ने यह देखने पर कि उग्रवादी तीन अलग-अलग मकानों में फंस गए हैं, अपने कार्मिकों को युक्तिपूर्ण तरीके से तैनात किया। श्री नौटियाल ने अपनी एल०एम० जी० और ग्रेनेड के साथ मोर्चा सम्भाला और उन तीन मकानों में हथगोले फैंकने में कामयात हो गए जिनमें उग्रवादियों ने शरण ले रखी थी। श्री ओमबीर सिंह, कांस्टेबल जो गोलियां चला रहे थे, की दाहिनी जांघ पर उग्रवादियों की गोलियां लगी। जख्मी होने के बावजूद वे गोलीबारी करते रहे और उनके द्वारा की जा रही कवरिंग गोलीबारी से मकान में हथगोले फैंकने में मदद मिली। तीनों मकानों में आग लग गई, क्योंकि हथगोलों के विस्फोट से इन मकानों में रखे गए घास के ढेर में आग लग गई। इस गोलीबारी में तीन उग्रवादी मारे गए। मृतक उग्रवादियों की शिनाख्त बाद में, एच० एम० गुट के फकीरा गुज्जर, तजाकिस्तान के हिकमतयार और यमन के उमरगुल के रुप में की गई। 3 ए० के० राइफलें 2 पिस्तौल और मेगजीन के साथ-साथ हथगोले और गोलाबारूद, जली हुई अवस्था में बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (विवंगत) श्री प्रहलाद सिंह, हैड-कांस्टेबल सर्व/श्री पी० पी० नौटियाल, सहायक कमांडेंट, ओमबीर सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फल-स्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 फरवरी, 1998 से दिया जाएगा।

बरुण मिश्रा,
राष्ट्रपति के उप सचिव

सं० 112-प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और रैंक

(विवंगत)] श्री महावीर प्रसाद,
सूबेदार,
4थी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री आर० एल० शर्मा,
कमांडेंट,
4थी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री मुकेश कुमार,
कांस्टेबल,
4थी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

श्री महावीर प्रसाद, जो एफ० कम्पनी की कमान कर रहे थे, एक विशिष्ट सूचना मिलने पर 27/28 जुलाई, 1998 को अपने कार्मिकों को ले गए और उस मकान को घेर लिया, जिसमें एक पाकिस्तानी उग्रवादी ने शरण ले रखी थी। जैसे ही महावीर प्रसाद ने घेरा पूरा किया एक छोटी क्यू०आर०टी० बिना किसी की नजर में आए एक लम्बे चक्करदार धान के खेत में से उस मकान की विपरीत दिशा में जाने में कामयाब हो गई। श्री प्रसाद मकान के पास पहुंचे, और खिड़की से मकान के अन्दर एक हथगोला फैंका। उग्रवादी दूसरे कमरे में था और उसने खिड़की से ग्रुप पर जबावी गोलीबारी की। उसकी एक गोली महावीर प्रसाद को लगी जिससे वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।

इस मुठभेड़ के बारे में सुनने पर, श्री शर्मा कमांडेंट अपने द्वितीय प्रभारी श्री चौधरी के साथ तुरन्त घटनास्थल पर गए। उग्रवादी मकान के अन्दर से घेरा डालने वाली पार्टी पर खिड़की से राइफल ग्रेनेड दाग रहा था। श्री शर्मा एक बी० पी० वाहन ले आए और श्री प्रसाद को वहां से हटा लिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही श्री प्रसाद की मृत्यु हो गई। उसके बाद श्री शर्मा ने वाहन को हटाया और अन्दर से हो रही भारी गोलीबारी के

बावजूद मकान की दीवार के बिल्कुल पास आ गए। श्री शर्मा ने मकान में दो तरफ से हथगोले फैंके। उसके बाद बी० पी० वाहनों की छत पर एक सीढ़ी लगाकर, श्री शर्मा ने कांस्टेबल मुकेश कुमार और खजान सिंह को छत पर भेजा और चिमनी से दो हथगोले नीचे फैंके। उसके बाद श्री शर्मा के निर्देश पर दो कांस्टेबल रेंग कर बी० पी० वाहन की खिड़की तक पहुंचने में कामयाब हो गए। इस बीच वह उग्रवादी जो घर के अन्दर था, खिड़की के नजदीक पहुंच गया और उसने एक हथगोला फैंका। हथगोला देखने पर श्री शर्मा ने अपने आपको हथगोले की दिशा से हटा लिया और इसके साथ ही इससे पहले कि हथगोला फटता अपने साथी दो कांस्टेबलों को भी सुरक्षित दिशा में खींच लिया। इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगा और इसी बीच उग्रवादी खिड़की से बाहर कूदा और धान के खेतों में भाग गया लेकिन श्री मुकेश कुमार, जिन्होंने पेड़ के पीछे मोर्चा सम्भाल रखा था, उसे भागते हुए देख लिया और मार गिराने में सफल हो गए। मृतक उग्रवादी की शिनाख्त बाद में एल० ई० टी० से संबंधित एक पाकिस्तानी उग्रवादी फैजुल्लाह उर्फ तारीक भाई के रूप में की गई।

इस मकान से, एक ए० के० राइफल, 5 मैगजीन, 70 राऊन्ड, एक हथगोला और ग्रेनेड फायरिंग एटेचमेंट के साथ अनेक दस्तावेज और 20,000 रुपये की भारतीय मुद्रा तथा एक 9 एम० एम० पिस्तौल बरामद की गयी।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री महावीर प्रसाद, सूबेदार, सर्व/श्री आर० एल० शर्मा, कमांडेंट, मुकेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम के 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 जुलाई 1998 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 113 प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक :—

(दिवंगत) श्री विजय अहुजा,
सहायक कमांडेंट,
52वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री सी० एच० सेतुराम,
सहायक कमांडेंट,
129वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री बिशन दास,
लांस नायक,
129वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री संतोष कुमार,
कांस्टेबल,
129वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किए गए

8 जुलाई, 1998 को सूचना प्राप्त हुई कि विद्रोहियों का एक दल वुराम आरक्षित वन में छिपा हुआ है। सीमा सुरक्षा बल की 52वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री सी० एच० सेतुराम को दो कम्पनियों के साथ वन की बाह्यीय सीमा पर रुकावट खड़ी करने के लिए तैनात किया गया ताकि कोई ग्रुप बच कर वन से निकल नहीं पाए। दूसरे दल द्वारा वन की दूसरी ओर से हल्ला बोलना था ताकि छिपे हुए विद्रोहियों को रुकावट की ओर भाग कर शरण लेनी पड़े और वहां उन्हें बीच में ही रोका जा सके। श्री सेतुराम जिन्होंने अभी रुकावटें खड़ी करने का कार्य पूरा ही किया था और दूसरी ओर से वन में से आगे बढ़ने वाले दल ने अपना अभियान अभी शुरू ही किया था कि जंगल में से विद्रोही दल द्वारा गोली चलाई गई। कुमुक को आगे बढ़ाया गया और यह पुष्टि होने के पश्चात् कि रुकावटें खड़ी कर दी गई है जंगल की तलाशी का अभियान शुरू किया गया। 129वीं बटालियन के श्री बिशन दास, लांस नायक और श्री संतोष कुमार कांस्टेबल, जो वन के अन्दर से आगे बढ़ने वाले दल में थे, का सबसे पहले विद्रोहियों के साथ सामना हुआ जिन्होंने आगे बढ़ रहे तलाशी दल को रोकने के लिए लेटकर पोजिशन ली हुई थी। जैसे ही विद्रोही दल द्वारा गोलीबारी आरम्भ की गई, श्री बिशन दास और संतोष कुमार ने उनके सामने पड़ रहे पेड़ों के पीछे पोजिशन ले ली और एक विद्रोही को मार डाला, बाद में जिसकी पहचान पाकिस्तानी के रूप में की गई।

श्री सेतुराम, जो विद्रोही की गोलीबारी का कारगर ढंग से मुकाबला कर रहा था और साथ ही श्री बिशन दास तथा श्री संतोष कुमार की गोलीबारी को भी नियंत्रित कर रहा था, ने घेराबन्दी को तोड़ने की कोशिश कर रहे तीन उग्रवादियों को देखा। जब उग्रवादियों ने यह महसूस कर लिया कि वे मारे जाएंगे तो उन्होंने अपने हथियार फैंक दिए और तीनों को पकड़ लिया गया। बाद में की गई पूछताछ से इस विद्रोही दल द्वारा अपनाए गए मार्ग के बारे में सूचना प्राप्त हुई। इस दौरान, अन्धेरा छा गया लेकिन दल ने अपनी पोजीशन बनाए रखी और घेराबन्दी को तोड़ने आने वाले विद्रोहियों का इन्तजार करते रहे तभी विद्रोहियों द्वारा फैंका गया एक ग्रेनेड उस जगह पर आकर गिरा जहां सर्व/श्री सेतुराम, बिशन दास और सन्तोष कुमार ने पोजिशन ली हुई थी। तीनों किरचों से जख्मी हो गए। लांस नायक और कांस्टेबल दोनों को वहां से निकाल कर सेना अस्पताल ले

जाया गया लेकिन श्री सेतुराम सहायक कमांडेंट ने जाने से इंकार कर दिया और टुकड़ियों का नेतृत्व करते रहे। यह पता लगाने के लिए कि क्या कोई भी दल पीछे हटा है या नहीं घेराबन्दी दल सारी रात उसी जगह जमा रहा और रुक-रुक कर दोनों ओर से गोलीबारी होती रही। इसी बीच मुठभेड़ की बात सुनकर कुपवाड़ा के ए सी/जे एस ओ (जी) विजय अहुजा, जिन्होंने जंगल में छिपे हुए उग्रवादियों का संदेश बीच में सुन लिया था, ने घटनास्थल पर जाने का निर्णय लिया और अगली सुबह 5.00 बजे वहां पहुंच गए। पौ फटते श्री विजय अहुजा, श्री सेतुराम उसके दल में शामिल हो गए। एक छोटे टीले के समीप श्री अहुजा आगे देखने के लिए थोड़ा ऊपर उठे तभी एक विद्रोही, जो घनी झाड़ियों के बीच छिपा हुआ था अचानक कूदा और गोलियां चला दी। गोलियां श्री अहुजा के पेट में आकर लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। उसके गोली चलाने से विद्रोही का पता चल गया और अग्रिम दल द्वारा की गई गोलियों की बौछार में वह वहीं मारा गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही श्री आहुजा ने दम तोड़ दिया। इसी दौरान, गोलीबारी रुक गई और क्षेत्र की तलाशी लेने पर 6 ए० के०-47 राइफलें, 2 पिस्तौल, 8 राइफल ग्रेनड, 7 हैंड ग्रेनेड, एक आइकोम वायरलैस सेट एक केनवुड वायरलैस सेट, एक राइफल सायलेन्सर और मैगजीन तथा भारी मात्रा में गोलाबारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री विजय अहुजा, सहायक कमांडेंट, सर्व/श्री सी० एच० सेतुराम, सहायक कमांडेंट, बिशन दास, लांस नायक और सन्तोष कुमार कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 जुलाई, 1998 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 114-प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री आर० एल० शर्मा,
कमांडेंट (वीरता के लिए पुलिस पदक)

श्री के० एस० राठौर,
उप-कमांडेंट (वीरता के लिए पुलिस पदक)

श्री बी० पी० पुरोहित,
द्वितीय प्रभारी
82 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

(दिवंगत) श्री शंगारा सिंह,
उप-निरीक्षक (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)

श्री मुकेश कुमार,
कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

श्री एम० वाई० थामस,
कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

श्री आर०पी० डिमरी,
कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किए गए

18 जुलाई, 1998 को श्री आर० एल० शर्मा, कमांडेंट को गांव डंगारपोरा में उग्रवादियों की मौजूदगी की विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तुरन्त एक दल गांव डंगारपोरा के लिए रवाना किया गया। तथापि, तीन विद्रोहियों, जोकि गांव के एक मकान में छिपे थे, ने सीमा सुरक्षा बल को देखते ही सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी पर गोलियां चलाई और गांव की बाहरी सीमा पर धान के खेतों में भागे। यह जान लेने के पश्चात् कि उग्रवादी धान के खेतों में दाखिल हो चुके हैं और खड़ी फ़सल के बीच छिपे हुए हैं, श्री शर्मा ने अपने दल को तीन भागों में विभाजित किया और क्षेत्र को तीन विभिन्न दिशाओं से घेर लिया। ये ग्रुप जिन्हें उग्रवादियों के छिपने के निश्चित स्थान का कोई पता नहीं था पूर्ण रूप से खुले में थे तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए पेड़ों की कोई आड़ भी नहीं थी उनके छिपने के स्थान का अनुमान लगाने के पश्चात्, श्री शर्मा ने ग्रेनेड दागने का निदेश दिया लेकिन वह कारगर सिद्ध नहीं हुआ क्योंकि उग्रवादी घेराबन्दी पार्टी पर गोलाबारी करते रहे। श्री राठौर, उप-कमांडेंट जोकि दूसरी पार्टी की कमान सम्भाले हुए थे, ने उग्रवादियों को ललकारा और तुरन्त उन पर गोलीबारी की। उग्रवादियों ने इन पर भारी गोलीबारी की और बाएं बाजू में गोली लगने से घायल हो गए। श्री डिमरी, जो उनके साथ थे, के भी दाएं हाथ में गोली लगी। श्री डिमरी और श्री राठौर ने लेट कर पोजिशन ली और उग्रवादियों की ओर बढ़ने लगे। जब श्री शंगारा सिंह, उप-निरीक्षक ने यह देखा कि श्री राठौर घायल हो गए हैं तो उन्होंने इससे पहले कि उग्रवादियों की गोलियों की दूसरी बौछार उन तक पहुंचती, वे रेंग कर उन तक पहुंच गए। श्री सिंह तुरंत श्री राठौर के सामने आ गए और गोलियों की बौछार को अपने ऊपर ले लिया और उप-कमांटेंट को बचा लिया और इस प्रयास में अपना जीवन बलिदान कर दिया। जिस समय श्री सिंह, घायल उप कमांटेंट के सामने कूद कर आ रहे थे, उसी समय उनके द्वारा चलाई गई गोलियां एक उग्रवादी को लगीं और वह मारा गया। इसी दौरान श्री थामस कांस्टेबल, जो उप कमांडेंट के पीछे थे, को भी एक गोली लगी लेकिन सौभाग्य से वह बच गए। श्री शर्मा और श्री बी० पी० पुरोहित, द्वितीय प्रभारी, 82 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, ग्रेनेड दागते हुए, अन्य दो दिशाओं से आगे बढ़े और अन्य दो उग्रवादियों को मारने

में सफल रहे । यह मुठभेड़ तीन घण्टे से अधिक समय तक चली । मारे गए तीन उग्रवादियों की पहचान बाद में मेहराजुद्दीन मलिक, शौकत अहमद और सयैद सारफ़ोयाज गिलानी के रूप में की गई । धान के खेतों से एक ए० के०–47, 1 ए०के०–56 राइफ़ल और तीन हैंड ग्रेनेड सहित 9 एम एम की एक पिस्तौल बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री आर० एल० शर्मा, कमांडेंट, के० एस० राठौर, उप–कमांडेंट, वी० पी० पुरोहित, द्वितीय प्रभारी, (दिवंगत) श्री शंगारा सिंह, उप–निरीक्षक, मुकेश कुमार, कांस्टेबल, एम० वाई० थामस, कांस्टेबल और आर० पी० डिमरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जुलाई, 1998 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 115–प्रेज/99–राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री रघुवीर सिंह, (दिवंगत)
हैड–कांस्टेबल,
55वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री शोभनाथ प्रसाद, (दिवंगत)
कांस्टेबल,
55वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री के० जे० जाय,
कांस्टेबल/ड्राईवर,
55वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री जय भगवान,
नाई,
55वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किए गए

21–5–1997 को सीमा सुरक्षा बल की एक कॉनवॉई, जिसमें पांच गाडियां थी, प्रशासनिक कार्य से इम्फाल-पालेल रोड पर इम्फाल आई थी । मार्ग में यह बात ध्यान में आई कि एक कार्मिक साथ नहीं लाया गया और वह पीछे रह गया है । कॉनवॉई का नेतृत्व करने वाले अधिकारी ने वापिस जाने का निर्णय लिया और उन व्यक्ति को साथ लेने के बाद कॉनवॉई इम्फाल से 1700 बजे रवाना हुई । श्री जोशी, सहायक कमांडेंट जोकि कॉनवॉई का नेतृत्व कर रही जीप में थे, ने काकचिंग के समीप सड़क के आर-पार एक ट्रक देखा जिसका कुछ भाग सड़क में था । श्री जोशी ने कॉनवॉई को रोका और यह देखने के लिए नीचे उतरे कि यह ट्रक सड़क के आर-पार क्यों खड़ा है । सन्तोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अधिकारी ने आगे बढ़ना जारी रखा । दुर्भाग्यवश, इम्फाल में विद्रोहियों की स्थानीय गतिविधियों से अनभिज्ञ, सहायक कमांडेंट कॉनवॉई को आगे बढ़ाते हुए घात लगाए गए स्थान में पहुंच गए । जैसे ही कॉनवॉई ने घात लगाए क्षेत्र में प्रवेश किया, उस पर गोलीबारी शुरू हो गई । कॉनवॉई का नेतृत्व कर रही जीप पर हमला हुआ तथा सहायक कमांडेंट और चालक मारे गए । वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया और वह उस खाई में जा गिरा जहां अन्तिम उग्रवादी घात लगा कर बैठा हुआ था । वाहन की पैट्रोल टंकी में गोलियां लगने से उसने आग पकड़ ली । सहायक कमांडेंट की जीप के पीछे जो 5 टन वाहन था उस पर भारी गोलीबारी की गई तथा ड्राईवर और वाहन में सवार कई अन्य कार्मिक घायल हो गए । जय भगवान नाई इस वाहन के पीछे से छलांग लगाने में सफल रहा और उसने खाई में शरण ले ली । कॉनवॉई में अंतिम वाहन टाटा–407 था जिसे कांस्टेबल जॉय चल रहा था । ड्राईवर के केबिन में बांई ओर हैड–कांस्टेबल था जिसने इस वाहन की साइड आपनिंग से अपनी कारबाईन से जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी । श्री जॉय के पास अपना कोई हथियार नहीं था और सौभाग्य से उसे कोई चोट नहीं आई । श्री रघुवीर सिंह, हैड-कांस्टेबल के गोली लगी और वह घटनास्थल पर ही मारा गया लेकिन श्री जाय ने अपना मानसिक सन्तुलन नहीं खोया और उसकी कारबाईन उठा ली । वह ड्राईवर केबिन और टाटा–407 की बाडी के बीच से पिछली ओर निकलने में सफल हो गया जहां से श्री शोभनाथ प्रसाद, कांस्टेबल अपनी एल०एम०जी० से घात-स्थल की ओर गोलीबारी कर रहा था । श्री प्रसाद गोलियों से शीघ्र ही घायल हो गए और घटनास्थल पर ही मारे गए । श्री जॉय ने कारबाईन से गोलीबारी की और शीघ्र ही अपनी मैगजीन खाली कर दी । जब इन्होंने देखा कि श्री शोभनाथ मारा गया है तो इन्होंने उसकी एल० एम० जी० उठा ली और गोलीबारी शुरू कर दी । एक राउन्ड एल० एम० जी० में आकर लगा और हथियार ने गोलीबारी करना बन्द कर दिया । कांस्टेबल जाय ने देखा कि कांस्टेबल यमुनप्पा घायल अवस्था में वाहन पड़ा है इन्होंने उस कांस्टेबल का एस० एल० आर० उठा लिया और घात लगाने वाले दल पर फिर गोलीबारी शुरू कर दी । इसी समय, जय भगवान नाई, जोकि अगले 5 टन वाहन से बच कर निकल गया था, रेंगता हुआ पीछे आया और टाटा–407 से गोलीबारी की आवाज सुनते ही उस पर चढ़ गया और एस० एल० आर० से गोलीबारी में कांस्टेबल जाय को सहायता की । उनके आस–पास कई मैगजीने पड़ी थी जिन्हें वह उठा-उठा कर श्री जॉय की एस० एल० आर० में भरता रहा । तीन मैगजीनों से गोलीबारी

करने के पश्चात् गोलाबारूद समाप्त हो गया। श्री जॉय ने तब जय भगवान, नाई से एल० एम०जी० से मैगजीन लाने के लिए कहा और वह इन्हें एस० एल० आर० में भरने में सफल हो गया। क्योंकि अन्य वाहनों से कोई गोलीबारी नहीं हो रही थी, कांस्टेबल जाय और जय भगवान नाई दोनों ने यमुनप्पा की सहायता की और वाहन से नीचे कूद कर खाई में छिप गए। उसके बाद ये कांस्टेबल यमुनप्पा को नाले से होकर घातस्थल से बाहर ले आने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) रघुबीर सिंह, हैड–कांस्टेबल, (दिवंगत) शोभनाथ प्रसाद, कांस्टेबल, सर्व श्री के० जे० जाय, कांस्टेबल और श्री जय भगवान, नाई ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 मई, 1997 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 116–प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आर० एच० आर० नारनावारे,
उप–निरीक्षक,
96वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

गांव लारकोटी के एक असलम के घर में विद्रोहियों के एक दल द्वारा शरण लिए जाने के बारे में 24 दिसम्बर, 1997 को सूचना प्राप्त हुई। श्री आर०एच० नारनावारे के साथ ए० के० सिंह सहायक कमांडेंट की देखरेख में कमांडो प्लाटून को उस मकान को घेरने का कार्य सौंपा गया।

श्री नारनावारे उस मकान के समीप पहुंचे और इससे पहले कि विद्रोहियों को इस बात की जानकारी होती, असलम के मकान का घेरा डालने में सफल हो गए। जैसे ही घेराबंदी का काम पूरा हुआ विद्रोहियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के आदान-प्रदान में घेरा डालने वाले दल की एक गोली एक विद्रोही को लगी जिसकी जख्मों के कारण मृत्यु हो गई। तथापि दो अन्य विद्रोही घेराबन्दी दल पर खिड़की से गोलीबारी करते रहे। श्री नारनावारे अपने साथियों को युक्तिपूर्ण तरीके से तब तक आगे बढ़ाते रहे जब तक कि वे मकान के समीप नहीं पहुंच गए। चूंकि मकान एक पहाड़ी की ढलान पर था इसलिए श्री नारनावारे सावधानी से जमीन पर लेटकर आगे बढ़े और उन्होंने सामने की ओर दो एल एम जी तैनात कर दी और वहां से भारी मात्रा में गोलीबारी करने का निदेश दिया। इसी बीच ये तथा दो अन्य कांस्टेबल मकान के पिछले हिस्से में पहुंच गए और मकान की छत पर चढ़ गए। चूंकि गोलीबारी सामने की ओर से हो रही थी इसलिए श्री नारनावारे और उनके दो साथियों को अपने ही कर्मियों द्वारा की जा रही गोलीबारी का शिकार होने का खतरा था। उन्होंने मकान के अन्दर चिमनी से दो ग्रेनेड फैंके। दोनों ग्रेनेड कमरे में जाकर फटे और दोनों विद्रोही, जोकि मकान के सामने की ओर से गोलीबारी कर रहे थे, मारे गए। जब गोलीबारी थम गई तो श्री नारनावारे ने देखा कि इस अभियान में तीन विद्रोही मारे गये थे। बरामद डायरी और कागजात से यह मालूम हुआ कि विद्रोहियों में एक सैफुल्ला, पाकिस्तानी नागरिक, गुल का जाहीद और बनिहाल का मुहम्मद हुसैन था। मकान से एक ए०के० राइफल, टेलिस्कोप सहित एक एस०एस०जी० स्निपर राइफल, एक 9 एम०एम० चीनी पिस्तौल और एक हथगोला बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में, श्री आर० एच० आर० नारनावारे, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 दिसम्बर, 1997 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 117–प्रेज/99—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और रैंक :

श्री पीटर कुजूर, (दिवंगत)
कांस्टेबल,
96वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री कुलदीप सिंह, (दिवंगत)
कांस्टेबल,
96 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री फैयाज अहमद,
हैड-कांस्टेबल,
96वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

26 मार्च, 1998 को बेरीनगर और जगलानू कलां क्षेत्र में उग्रवादियों के मौजूद होने के बारे में सूचना प्राप्त हुई। 26-27 मार्च के बीच की रात को 22 पुलिस जवानों वाली एक कमांडो प्लाटून को वहां रवाना किया गया। उन्होंने पहाड़ी पर छितरे हुए घरों में तलाशी ली परन्तु किसी विद्रोही का पता न लग सका। एक उग्रवादी, जो कुछ चट्टानों के बीच झाड़ियों में छिपा हुआ था, ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों को देखते ही युक्तिपूर्ण ढंग से गोलियों की बौछार कर दी जिससे श्री कुजूर जख्मी हो गए। घायल होने के बावजूद भी श्री कुजूर रास्ते के किनारे एक खाई में रेंगते हुए पहुंचने में सफल हो गए और इन्होंने गोलीबारी करना शुरु कर दिया। शेष प्लाटून ने शीघ्रता से आड़ ले ली। कांस्टेबल कुलदीप सिंह जोकि श्री कुजूर के पीछे पीछे आ रहे थे, एक शिलाखण्ड की आड़ लेते हुए उनकी मदद के लिए दौड़े और उग्रवादी पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। श्री फैयाज अहमद, हैड-कांस्टेबल, ने भी मोर्चा ले लिया और विद्रोही पर गोलियां चलानी शुरु कर दी ताकि उसे शिलाखण्ड के पीछे से बाहर निकाला जा सके। एक ओर से गोलियां चलते देख उग्रवादी ने अपनी पोजिशन बदली और इसी क्षण श्री सिंह ने गोलियां चलाकर उसे मार डाला। इस प्रक्रिया में, एक गोली श्री सिंह के सीने में जा लगी और श्री सिंह, श्री कुजूर की बगल में गिर पड़े। तब तक शेष प्लाटून भी वहां पहुंच गई और उसने उस स्थान को चारों ओर से घेर लिया तथा अपनी ग्रेनेड राईफलों से ग्रेनेड चलाए। सर्व/श्री कुजूर और सिंह को वहां से बाहर निकाला गया लेकिन घावों के कारण उन्होंने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। श्री फैयाज अहमद, जिनकी एक टांग जख्मी हो गई थी, को भी बाहर निकाला गया परन्तु उनकी टांग को काटना पड़ा।

मृतक उग्रवादी से एक ए०के० राइफल, चीन में बनी एक पिस्तौल, दो हथगोले और 5 मैगजीनें बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री पीटर कुजूर, कांस्टेबल, (दिवंगत) श्री कुलदीप सिंह और श्री फैयाज अहमद हैड-कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 मार्च, 1998 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 118-प्रेज 99-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों नाम और रैंक

श्री एस० विनोद शर्मा, (दिवंगत)
कमांडेंट, 60वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री बीर सिंह, (दिवंगत)
उप-निरीक्षक,
60 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री टी० जान कैनेडी, (दिवंगत)
कांस्टेबल,
60वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री शशि भान सिंह,
